# कड़ी सुरक्षा, सघन चेकिंग के बीच शांतिपूर्ण रहा नए साल का जश्न

**100 से ज्यादा चैकिंग पाइंट, ड्रोन व कैमरों से रखी नजर**

**शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई**








नव भारत न्यूज

**इंदौर. नववर्ष 2026 के स्वागत को लेकर इंदौर पुलिस की सख्त रणनीति और नागरिकों के सहयोग का असर थर्टी फर्स्ट की रात साफ नजर आया. शहर में नया साल शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया. पूरी रात कोई बड़ी अप्रिय घटना या गंभीर दुर्घटना सामने नहीं आई.**

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में इंदौर पुलिस ने पहले से ही व्यापक तैयारी कर ली थी. 31 दिसंबर की रात शहरभर में दो हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहे. चारों जोन में 100 से ज्यादा चैकिंग पाइंट्स लगाए गए, जहां डीसीपी, एडीशनल डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारी खुद मौजूद रहकर निगरानी करते रहे. थानों का 60 प्रतिशत से अधिक बल फील्ड में रहा. ड्रोन, नाइट विजन और हाई रिजॉल्यूशन कैमरों से भी लगातार नजर रखी गई.

### लगातार पेट्रोलिंग करती रही मोबाइल

शहर में आउटर और इनर सर्कल की व्यवस्था लागू कर बाहरी क्षेत्रों से नशे की सप्लाई रोकने पर फोकस किया. मोबाइल टीमें लगातार पेट्रोलिंग करती रहीं. पब, बार और आयोजनों को तय समय पर बंद कराया. महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शक्ति मोबाइल और महिला पीसीआर को अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात किया. सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर भी आबकारी अधिनियम के तहत 10 प्रकरण दर्ज किए. अवैध हथियार लेकर घूम रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया. विभिन्न मामलों में वांछित 44 गैर जमानती वारंटियों को भी पकड़ा.

### 334 वाहन चालकों को शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़ा

नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया. पुलिस ने 334 वाहन चालकों को शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़ा, जिनमें 204 दोपहिया और 130 चार पहिया चालक शामिल हैं. इनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई. पुलिस की सख्त चैकिंग, लगातार निगरानी और पहले से की गई तैयारियों का नतीजा यह रहा कि थर्टी फर्स्ट की रात इंदौर में नया साल सुरक्षित, शांतिपूर्ण और बिना किसी बड़े विवाद के मनाया गया.

## शराब के नशे में फिर किया यात्री ने हंगामा, क्रू मेंबर से की बदतमीजी

### दो दिन में दूसरा मामला, बढ़ती बदसलूकी से चिंता

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर एयरपोर्ट पर शराब के नशे में यात्रियों द्वारा हंगामा करने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं. दो दिन के भीतर दूसरा मामला सामने आया है, जिसमें नशे में धुत एक पैसेंजर ने न सिर्फ अन्य यात्रियों, बल्कि क्रू मेंबर के साथ भी बदतमीजी की. पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है.**

एरोड्रम थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि पुलिस ने क्रू मेंबर शिवम सांखला की शिकायत पर फ्लाइट नंबर 6331 में सवार पैसेंजर नरेशकुमार पिता फकीरचंद, निवासी जम्मू-कश्मीर के खिलाफ धारा 296 और 351 के तहत मामला दर्ज किया है. शिकायत के अनुसार फ्लाइट में बैठी अंकिता दास नामक महिला पैसेंजर ने क्रू मेंबर को सूचना दी कि सीट नंबर 12ए पर बैठा यात्री शराब के नशे में उसके साथ बदतमीजी कर रहा है. इस पर क्रू मेंबर शिवम सांखला मौके पर पहुंचे और पैसेंजर को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने उल्टे अन्य यात्रियों को गालियां देना शुरू कर दिया और क्रू मेंबर को धमकाने लगा. स्थिति बिगड़ती देख मामले की शिकायत एरोड्रम थाने में की गई, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है. गौरतलब है कि दो दिन पहले भी इंदौर एयरपोर्ट पर इसी तरह का मामला सामने आया था.

उस घटना में हरियाणा निवासी पैसेंजर सुनील सिंह ने क्रू मेंबर के साथ बदतमीजी की थी और इमरजेंसी गेट खोलने का प्रयास किया था. लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने एयरपोर्ट की सुरक्षा के साथ ही यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

## नए साल में भी उड़ानें बेपटरी, यात्रियों की मुश्किलें बरकरार




- इंदौर से दिल्ली, हैदराबाद की उड़ानें फिर निरस्त
- इंडिगो की मनमानी से हवाई सफर हुआ मुश्किल

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नए साल की शुरूआत के साथ हालात सुधरने की उम्मीद लगाए बैठे यात्रियों को एक बार फिर झटका लगा है. एक दिसंबर से शुरू हुआ इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानें निरस्त होने का सिलसिला नए साल में भी थमता नजर नहीं आ रहा है. गुरुवार को भी इंदौर से दिल्ली और हैदराबाद की उड़ानें अचानक निरस्त कर दी गईं, जिससे सैकड़ों यात्री परेशान होते रहे.


विमानतल सूत्रों के अनुसार इंडिगो ने नए साल के पहले दिन ही चार उड़ानों का संचालन रद्द किया. इनमें सुबह 6.50 बजे हैदराबाद से इंदौर आकर 7.25 बजे वापस जाने वाली उड़ान और सुबह 7.10 बजे दिल्ली से इंदौर आकर 7.40 बजे दिल्ली लौटने वाली उड़ान शामिल है. इन उड़ानों के निरस्त होते ही यात्रियों को एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ा. बताया जा रहा है कि शासन द्वारा फ्लाइट क्रू के कार्य समय में किए गए बदलावों के बाद एक दिसंबर से इंडिगो की उड़ानें क्रू मेंबर की कमी बताकर निरस्त की जा रही हैं.

### नियमों की अवधि बढ़ाने के बावजूद बनी समस्या

हालांकि, यात्रियों की लगातार शिकायतों के बाद सरकार ने इन नियमों को लागू करने की अवधि फरवरी तक आगे बढ़ा दी थी, इसके बावजूद उड़ानों का निरस्तीकरण जारी है. सबसे ज्यादा परेशानी उन यात्रियों को हो रही है, जिनकी उड़ानें आखिरी समय में रद्द की जा रही हैं. इंडिगो की ओर से यात्रियों को केवल रिफंड या रीबुकिंग का विकल्प दिया जा रहा है. मजबूरी में यात्रियों को दूसरी एयरलाइंस की महंगी टिकटें खरीदनी पड़ रही हैं. उड़ानों का संचालन कब सामान्य होगा, इसे लेकर न तो कंपनी और न ही संबंधित अधिकारी कोई स्पष्ट जवाब दे पा रहे हैं. इससे नए साल में भी इंदौर से हवाई सफर यात्रियों के लिए परेशानी भरा बना हुआ है.

## बस में जा घुसी तेज रफ्तार थार, एक की मौत

### नए साल की पार्टी कर लौट रहे थे, एक युवक व युवती घायल



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** थर्टी फर्स्ट की पार्टी मनाकर लौट रहे युवक-युवती बायपास पर हुए भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए. उनकी तेज रफ्तार थार कार बस में जा घुसी, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए.

तेजाजी नगर टीआई देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि हादसा कपाल घाटी के पास नए साल की सुबह हुआ. थार कार तेज रफ्तार में थी और सामने से आ रही बस से टकरा गई. हादसे में 24 वर्षीय शुभम पिता अंकित कक्कर निवासी नागदा की मौत हो गई. शुभम इंदौर में पढ़ाई के लिए आया था. कार में सवार प्रियांशु मेहर निवासी नंदानगर और आयुषी निवासी मंगलनगर सुखलिया घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है. टीआई ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के एयरबैग खुल गए, बावजूद इसके शुभम को गंभीर चोटें आईं और उसकी जान नहीं बच सकी.

**देवास रोड पर भी हुआ सड़क हादसा**-उधर, नए साल की सुबह देवास रोड पर भी एक और हादसा सामने आया. सुबह करीब साढ़े चार बजे लोटस इलेक्ट्रॉनिक्स के सामने एक कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार नाले में जाकर पलट गई. इस हादसे में किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन नया साल शुरू होते ही लगातार हो रहे हादसों ने जश्न की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### थार से शराब की बोतलें व खाने-पीने का सामान मिला

पुलिस ने मौके से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर मार्ग सुचारु कराया है. थार की तलाशी के दौरान वाहन के अंदर से शराब की बोतलें और खाने-पीने का सामान बरामद हुआ है. फिलहाल पुलिस मृतक शुभम के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटा रही है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है.

### शव व घायलों को अस्पताल में छोड़कर युवक फरार

हादसे के बाद सावलिया नाम का युवक घायलों और मृतक को अस्पताल लेकर पहुंचा था, लेकिन उन्हें अस्पताल में छोड़कर वह मौके से फरार हो गया. पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है. जिस बस से थार टकराई, उस बस में भी यात्री सवार थे, हालांकि बस में बैठे यात्रियों में किसी को चोट नहीं आई.

## दोस्त ने बर्थडे के दिन चाकू घोंपकर मार डाला दोस्त को

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नए साल की खुशियों और जन्मदिन के जश्न के बीच एक मामूली मजाक ने खूनखराबे का रूप ले लिया. साल के आखिरी दिन बर्थडे पार्टी के दौरान दोस्तों के बीच हुई कहासुनी में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई.**

पुलिस ने रातभर की तलाश के बाद सुबह आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया.

मल्हारगंज थाना प्रभारी वेदेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि मृतक की पहचान 22 वर्षीय पुष्पेंद्र पिता राजकुमार, निवासी हुकमचंद कॉलोनी के रूप में हुई है. सोमवार को पुष्पेंद्र का जन्मदिन था और साथ ही साल का आखिरी दिन भी, इसी वजह से उसने अपने चार करीबी दोस्तों को पार्टी के लिए बुलाया था. पार्टी के दौरान सभी दोस्त हंसी-मजाक कर रहे थे. इसी दौरान पुष्पेंद्र और उसके दोस्त गब्बू उर्फ नीरज यादव के बीच मजाक-मजाक में कहासुनी हो गई. बात इतनी बढ़ गई कि गब्बू अपना आपा खो बैठा और गुस्से में चाकू निकालकर पुष्पेंद्र पर हमला कर दिया. इसके बाद वह मौके से भाग गया. गंभीर रूप से घायल पुष्पेंद्र को उसके अन्य दोस्त तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.

### सुबह पकड़ाया आरोपी

घटना की सूचना मिलते ही मल्हारगंज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. हत्या के बाद आरोपी की तलाश में पुलिस ने रातभर संभावित ठिकानों पर दबिश दी. सुबह-सुबह पुलिस ने आरोपी गब्बू उर्फ नीरज यादव को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया.




## राष्ट्र की प्रगति और विकास में सभी का योगदान जरूरी

- नववर्ष पर किया गया महा मांगलिक का भव्य आयोजन

इंदौर. नववर्ष की प्रात:कालीन बेला में राष्ट्र की उन्नति, प्रगति, और विकास, के लिए हर नागरिक को अपना योगदान देना चाहिए. राष्ट्र का विकास होगा तो हम सब का विकास और उन्नति प्रगति स्वत: होगी.

आज वर्ष 2026 के नववर्ष के अवसर पर महासाध्वी रमणीक कंवर महाराज ने इमली बाजार की धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा. माहासती नूतन प्रभा ने कहा कि नया साल हर वर्ष आता है और जाता है परंतु हम चिंतन करें कि हमने क्या खोया क्या पाया है. जीव जन्म से नहीं कर्म से महान होता है. हम कैसे कर्म कर रहे हैं आज नए साल पर चिंतन जरूरी है. मिश्रीमल महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई. अभिग्रह धारी राजेश मुनि महाराज ने कहा कि आज नए साल में नियम से चलोगे तो ही धर्म होगा. आत्म कल्याण के लिए किसी भी जीव का बुरा मत करो. धर्म अपने लिए करो दिखावा के लिए नहीं. कार्यअध्यक्ष अचल चौधरी ने सभी का नववर्ष पर स्वागत किया. महामंत्री रमेश भंडारी ने कहा कि महासाध्वी रमणीक कंवर और राजेश मुनि महाराज का महावीर भवन पधारने पर स्वागत अभिनंदन किया. धार्मिक पाक्षिक पत्रिका जैन प्रतीक का विमोचन किया गया. प्रधान संपादक नरेन्द्र रांका उपस्थित थे. धर्म सभा में अचल चौधरी, रमेश भंडारी, डीपिन जैन, प्रकाश भटेवरा, शरद मेहता, हेमंत बोहरा, राजकुमार जैन पंजाबी, टी सी जैन, जिनेश्वर जैन, डॉ शरद डोशी, सुरेश देशलहरा, नरेंद्र मेहता, रेणु जैन, पुष्पा डगरिया, आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे. धर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया.

**एक नजर में** | **सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिरों पर लगा भक्तों का तांता**

## महू के पर्यटक स्थलों पर सैलानियों का उमड़ा हुजूम

**महू. नए साल के पहले दिन गुरुवार को तहसील क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भारी भीड़ देखने को मिली. चोरल डेम, पातालपानी, जाम दरवाजा और जनापाव जैसे प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर लोगों ने परिवार और मित्रों के साथ नए वर्ष का स्वागत किया.**

चोरल डेम पर सैलानियों ने स्पीड बोट और जलपरी बोट का आनंद लिया, वहीं जाम दरवाजा और पातालपानी में लोगों ने वादियों की खूबसूरती को निहारा. गुरुवार सुबह से ही पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की आवाजाही बढ़ने लगी थी. हालांकि, गुरुवार को वर्किंग डे होने का असर भी कुछ हद तक देखने को मिला, लेकिन इसके बावजूद दिनभर सभी प्रमुख स्थलों पर चहल-पहल बनी रही.

**साल के पहले दिन देव-दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**- नए वर्ष के आगमन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने देव-दर्शन कर वर्ष की शुभ शुरूआत की. शहर के चक्कीवाले महादेव मंदिर, गोपाल मंदिर, साईं मंदिर,





काली माता मंदिर, खड़े पाताल हनुमान मंदिर, सिद्धि विनायक गणेश मंदिर, बड़गोंदा बालाजी मंदिर, मानपुर स्थित आशापूर्णा माता मंदिर, जानापाव स्थित परशुराम मंदिर, महादेव खोदरा सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं. सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा.

**पुलिस बल रहा तैनात, खतरनाक स्थानों से हटाए सैलानी**= सैलानियों की सुरक्षा को देखते हुए सभी पर्यटन स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहा. बामनिया कुंड और मेहंदी कुंड में कुछ सैलानी खतरनाक स्थानों पर पहुंच गए थे, जिन्हें पुलिस ने समझाइश देकर वहां से हटाया. दोपहर के समय पुलिस ने इन दोनों स्थलों से सैलानियों को वापस भी लौटाया.

### नए साल की पूर्व संध्या पर चला चेकिंग अभियान

इधर, नए साल की पूर्व संध्या पर बुधवार देर रात तक पुलिस ने क्षेत्र में व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया. महू, किशनगंज, बड़गोंदा, मानपुर और सिमरोल में विभिन्न पाइंट्स पर चेकिंग की गई. इसके अलावा बड़गोंदा, महू और मानपुर थाना क्षेत्रों में देर रात फार्म हाउसों की भी जांच की गई. एएसपी रुपेश द्विवेदी ने बताया कि चेकिंग के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी सामने नहीं आई है. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे.

---

**एक नजर में**

## दिगंबर जैन मंदिर क्लर्क कालोनी में मस्तकाभिषेक



इंदौर. दिगम्बर जैन मंदिर क्लर्क कालोनी में नव वर्ष की प्रथम बेला पर महा मस्ताकाअभिषेक किया गया. नव वर्ष पर सुबह 7 बजे मुल नायक भगवान महावीर स्वामी स्वर्ण कलशों से अभिषेक शांती धारा मंत्रोच्चार के साथ की गई. तत्पश्चात देव शास्तृ गुरु एवं महावीर स्वामी की पूजन की गई. प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन बताया कि सभी समाजजनों ने मिलकर बड़े आनंद के साथ खुशी से झूमते गाते नृत्य करते हुए आरती की और भगवान से नव वर्ष मे सभी समाज जनो के लिए आनंद सुख मंगलमय हो इसकी प्राथना की. इस अवसर पर मुख्य रुप से रमेश जैन आनंद-नवीन गोधा महेंद्र सिंघई एस के सोगानी संजय जैन दिलीप बज नरेश जैन आलोक जैन गिरीश जैन गोलू जैन मनीष जैन आशीष जैन के साथ सभी समाजजन शामिल हुए.

## राष्ट्रीय बैरवा दिवस उत्साह के साथ मनाया



इंदौर. राष्ट्रीय बैरवा दिवस पर पूर्वी क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा. गली मोहल्लों से प्रभात फेरिया निकाल गई. अखाड़े में खलीफा ने करतब दिखाये, सुबह बड़ी संख्या में समाज जनों ने मालवा मिल चौराहे पर संत बालीनाथ महाराज की सामूहिक और अलग-अलग समूह में आरती उतारी एक दूसरे को बधाइयां दी. वरिष्ठ समाजसेवी राजू कुवाल, अखिल भारतीय बैरवा महासभा मध्य प्रदेश के अतिरिक्त महामंत्री राकेश गोठवाल, राजकुमार अखंड रमेश गोमें, महेश गोठवाल ने बताया कि 31 दिसंबर को राष्ट्रीय बैरवा दिवस संत बालीनाथ महाराज की जयंती में देशभर में मनाया जाता है. इंदौर में भी सांस्कृतिक आयोजन, चल समारोह, प्रभात फेरी, ध्वज यात्रा, अखाड़े आदि निकल गए. रैली के रूप में कुलकर्णी नगर से परदेशीपुरा, पाटनीपुरा नेहरू नगर, लाल का बगीचा, पंचम की फेल, संत बालीनाथ नगर होते हुए मालवा मिल चौराहे पर पूजन एवं आरती की गई. मुख्य के रूप से नगर निगम के सेवानिवृत वरिष्ठ इंजीनियर वसंत गोगड़े, एमएल मिमरोट, रामकरण गोठवाल, सुभाष रेसवाल, विजय चरावडे, नंदू लोदवाल, रमेश जिनवाल, रामकीष्ण मिमरोट, पप्पू बेरवा, कपिल बंसीवाल, सुभाष वाडिया, श्यामलाल डोहरिया, जगदीश मीमरोट, हंसलाल गंगवाल, नीरज मिमरोट, इंजीनियर सागर गोगडे, नवीन बड़ोदिया, भारत जीनवाल आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए. आभार सुरेन्द्र कोलवाल, सुभाष कुन्हारे ने माना।

## सोनी चुनाव अधिकारी मनोनीत



इंदौर. माहेश्वरी समाज इंदौर जिले के अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया 2 जनवरी से प्रारम्भ होगी. आवश्यक होने पर मतदान 18 जनवरी को होंगे। वयोवृद्ध समाजसेवी राधाकिशन सोनी को उनके अनुभव के आधार पर चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है. महासभा के मुख्य चुनाव अधिकारी सतीश चरखा (जलगांव) ने बताया कि इंदौर जिले के निर्वाचित अध्यक्ष रामस्वरूप धूत का निधन गत 12 अक्टूबर 25 को हो गया था. इसलिए नए अध्यक्ष के लिए चुनाव होना था। दो हजार परिवार से अधिक का जिला होने से इस चुनाव में कार्यकारी मंडल के सदस्य 194 सदस्य मतदान करेंगे. इंदौर के चुनाव अधिकारी राधाकिशन सोनी ने बताया कि चुनावी कार्यक्रम के अनुसार 2 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा. 4 तारीख तक संशोधन, 6 को नामांकन प्राप्त करने, 13 को जांच व प्रकाशन, 14 को नाम वापसी व 18 को यदि आवश्यक हुआ तो प्रात: 10 से 1 बजे तक मतदान माहेश्वरी भवन संयोगितागंज में होगा। ठीक बाद मतगणना होगी एवं परिणाम घोषित होंगे.

## डॉ. अमृता अवस्थी को मिलेगा ज्योति कलश सम्मान



इंदौर. क्रांतिकारी विचार मंच के अध्यक्ष रहे, वरिष्ठ कवि एवं गीतकार स्व. सुरेशचंद्र दुबे ज्योति कानपुरी के स्मरण में 2 जनवरी को डॉ. अमृता अवस्थी को ज्योति कलश सम्मान से सम्मानित होगी. कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुरेखा भारती ने बताया कि समारोह में श्रीमती शीला चंदन की पुस्तक % निर्मल नाद का विमोचन भी होगा. कार्यक्रम शुक्रवार को शाम 5 बजे श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति सभागृह में होगा. अध्यक्षता राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन करेंगे. मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. योगेंद्र नाथ शुक्ल एवं विशेष अतिथि अंजली ताई भोयर वाशिम (महाराष्ट्र) होगी.

## विश्वनाथ धाम में आज मनेगी शारदा देवी की पुण्यतिथि



इंदौर. सांवेर रोड स्थित श्री भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान विश्वनाथ धाम पर शारदा देवी अग्रवाल की 22वीं पुण्यतिथि 2 जनवरी को प्रात: 11 बजे मनेगी. ट्रस्ट के सुभाष गोयल, मुकेश कचोलिया, पंकज मित्तल एवं धीरेन पटेल ने बताया की प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विश्वनाथधाम पर शारदाजी की पुण्य स्मृति में पौधारोपण, गो सेवा के साथ स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा भजनांजलि एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य सदस्योंद्वारा श्रद्धांजलि दी जाएगी.

## चौधरी को लाइफटाइम अचीवमेंट से नवाजा



इंदौर. अखिल भारतीय पासी समाज राष्ट्रीय कार्यकार्यणी द्वारा महाराजा बिजली पासी जन्मोत्सव पर गुलाब चौधरी को लाइफ टाईम अचीवमेंट से सम्मानित किया गय. समारोह में पासी समाज इंदौर के धीरज बौरासी ने जानकारी में बताया कि अखिल भारतीय पासी समाज राष्ट्रीय कार्यकार्यणी द्वारा पासी समाज इंदौर संगठन के वरिष्ठ समाज सेवी लक्ष्मी दिनेश वर्मा, पूर्व पार्षद राधे बौरासी, नंदू बौरासी, गोविंद कैथवास, लखन लाल बौरासी को पासी रत्न से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर अखिल भारतीय पासी समाज इंदौर द्वारा गुलाब चौधरी को सम्मानित करने पर पूर्व सांसद प्रेम चंद गुड्डू पूर्व पार्षद परसराम वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महिला संगठन रीना बौरासी सेतिया, विधायक महेंद्र हार्डिया, राजा राम बौरासी, दिलीप बौरासी, परसराम वर्मा, धीरज बौरासी के साथ अमर दीप चौधरी द्वारा शुभकामनाएं दी गई.

## नववर्ष के पहले ही दिन तीन शराब दुकानों का लाइसेंस निरस्त

इंदौर. नए साल की शुरुआत में ही आबकारी विभाग ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए इंदौर की तीन शराब दुकानों के लाइसेंस एक जनवरी से निरस्त कर दिए हैं. इस कार्रवाई के बाद अब शेष वित्तीय वर्ष के लिए इन दुकानों के संचालन हेतु 6 जनवरी तक ई-टेंडर आमंत्रित किए हैं. आबकारी विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मदिरा एकल समूह आईएनडी-3 द्वारकापुरी के तहत संचालित शराब दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं. इस समूह में द्वारकापुरी, अहीरखेड़ी और रेत मंडी चौराहा स्थित दुकानें शामिल हैं. कलेक्टर के निर्देश पर इन दुकानों का संचालन एक जनवरी से बंद कर दिया गया है. सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि लाइसेंस निरस्तीकरण के बाद शेष अवधि, यानी 7 जनवरी से 31 मार्च तक दुकानों के संचालन के लिए ई-टेंडर और ई-टेंडर कम ऑक्शन प्रक्रिया अपनाई जाएगी. इसके लिए एनआईसी के एमपी टेंडर पोर्टल के माध्यम से ई-टेंडर आमंत्रित किए हैं.